卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 152 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦8 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# डीजे पर खून की होली, युवक की मौत

## डांस के दौरान आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी डण्डे, होली का उत्साह मातम में बदला






काशीपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर के काशीपुर में आईटीआई थाना अंतर्गत देवीपुरा में होली का उत्साह का माहौल मातम में बदल गया जब डीजे पर डांस के दौरान आपसी विवाद के चलते यूको के एक गुट ने लाठी-डंडों से दूसरे गुटके लोगों पर प्रहार कर दिया जिसमें सिर पर चोट लगने से एक युवक जमीन पर गिर गया और अस्पताल ले जाने के बाद उसकी मौत हो गई।रगों के पर्व होली की मस्ती उस वक्त मातम में बदल गयी, जब डीजे पर डांस के दौरान हुए विवाद में युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। हत्या के बाद इंसाफ की मांग करते हुए मृतक के परिजन और आसपास के रहने वाले लोगों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपियों में से एक की गिरफ्तारी के बाद बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दबिश दिए जाने की बात कह रही है। घटना के बाद से पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।क्या है मामला: घटना काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र खड़कपुर देवीपुरा की है। यहां कुछ युवक होली की मस्ती में डीजे पर डांस कर रहे थे। इसी दौरान उनका आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी विशाल के मुताबिक उसकी चाची का लड़का नरेश होली में मिलने आया था। इसी दौरान नरेश पास ही में डीजे पर डांस करने चला गया था। वहां दो पक्षों में झगड़ा होने पर नरेश बीच बचाव करवाने लगा।बताया जा रहा है कि इसके बाद वह सभी लोग नरेश से ही उलझ पड़े और लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान नरेश पुत्र चंद्रपाल निवासी खड़कपुर देवीपुरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल नरेश को तत्काल उपचार के लिये पहले राजकीय चिकित्सालय काशीपुर ले जाया गया, वहां उसकी हालत गम्भीर होने पर उसे मुरादाबाद ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। घटना से क्षुब्ध लोगों ने आक्रोशित होकर खड़कपुर देवीपुरा मुख्य मार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया और न्याय की मांग करने लगे।इस दौरान हंगामा कर रहे आक्रोशित लोगों की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। सूचना पाकर सीओ वंदना वर्मा भी मौके पर पहुंच गई। काफी देर तक (शेष पृष्ठ सात पर)

## छोटे भाई ने लगाई फांसी, बड़े को हुआ हार्ट अटैक, दोनों की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक ओर जहां शहर के लोग कल होली पर्व मनाने में मस्त थे तो दूसरी ओर कई परिवारों में मातम की चीखें भी सुनाई दीं। मोहल्ला राजेंद्र नगर में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की खबर मिलते ही उसके बड़े भाई को हार्ट अटैक का दौरा पड़ा और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। एक साथ एक ही परिवार में दो भाईयों की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला राजेंद्र नगर में घरेलू विवाद के चलते रिक्शा चलाने वाले अनिल सक्सेना ने घर में फांसी लगा ली। अनिल को फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया।आनन-फानन में परिवार के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। उधर भाई के मौत की खबर जब बड़े भाई को मिली तो उसकी भीहार्टअटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बड़ा भाई अनूप सक्सेना यूपी से हल्द्वानी लौट रहा था। लेकिन भाई के मौत की खबर से सदमे में बड़े भाई अनूप की मौत हो। गई। दो भाईयों की हुई एक साथ मौत से परिवार में मातम छा गया ।

## सड़क हादसे में युवती की मौत, सहेली गंभीर



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में होली के दिन हुए सड़क हादसे में एक 20 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका नगर के निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, हल्द्वानी के हीरानगर केवीएम स्कूल के पास मुखानी चौराहे को जाने वाली सड़क पर सफारी कार संख्या यूके 07एफजी 4233 की टक्कर से 20 वर्षीय युवती हर्षिता वर्मा पुत्री संजीव वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके साथ में बैठी उसकी सहेली लवी जोशी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका नगर के निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना बुधवार दोपहर 12:30 बजे की है, मुखानी स्थित केवीएम स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित सफारी कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद कार में सवार चालक समेत सभी फरार हो गए। हर्षिता रामपुर रोड हल्द्वानी के गली नंबर 2 निवासी संजीव वर्मा की पुत्री है। संजीव वर्मा का मैचिंग सेंटर एवं प्रॉपर्टी डीलिंग का काम है। देर शाम हर्षिता का अंतिम संस्कार नगर के राजपुरा स्थित श्मशान घाट में गमगीन माहौल में किया गया, उसकी मौत से जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। हर्षिता दिल्ली में पढ़ाई पूरी करने के बाद एक मल्टीनैशनल कंपनी में एचआर हेड के पद पर सेवारत थी, वहीं लवी जोशी के माता-पिता दोनों चिकित्सक हैं, वह अपने परिवार की एकमात्र संतान है।

## राजभवन में होली मिलन कार्यक्रम की धूम





देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा राजभवन में होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों,प्रबुद्धजनों, समाज सेवियों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर राज्यपाल को होली की बधाई दी। राज्यपाल ने सभी लोगों से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि हर्ष और उल्लास के रंगों से भरपूर होली का पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली के (शेष पृष्ठ सात पर)

## गंगा में बहे तीन युवक



देहरादून(उद संवाददाता)। डीआईटी से बीटेक कर रहे दो छात्र शिवपुरी स्थिति नमामि गंगे घाट पर नहाते समय गंगा में बह गए। दोनों छात्र होली के दिन देहरादून से ऋषिकेश घूमने आए थे। इनमें से एक छात्र आदित्य राज (22) कोलकाता निवासी और उत्कर्ष (22) उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी था।उधर लक्ष्मण झूला में पटना वॉटर फॉल के पास एक युवक गंगा में बह गया। उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद निवासी शोभित यादव (30) दोस्तों के साथ ऋषिकेश आया था। गंगा में नहाते समय पैर फिसलने से गंगा की तेज लहरों की चपेट आ गया। एसडीआरएफ प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि गंगा में बहे तीनों युवकों को तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## होली खेलने गये युवक की संदिग्ध हालातों में मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दोस्तों के साथ रम्पुरा स्थित ससुराल से ट्रांजिट कैंप में होली खेलने गए बरेली निवासी वाहन चालक की मौत हो गई। इससे मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तर प्रदेश बरेली के दुर्गा विहार निवासी 36 वर्षीय हरीश पाल पुत्र लक्ष्मी नारायण वाहन चालक था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रम्पुरा स्थित ससुराल आया हुआ था। बुधवार सुबह वह दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए ट्रांजिट कैंप शिवनगर गया। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। उसके सीने में दर्द की शिकायत होने पर साथी उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस पहुंची और जानकारी ली। साथ ही घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दी। अस्पताल पहुंचे मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चचेरे भाई की हत्या करने वाला शातिर गिरफ्तार



जसपुर(उद संवाददाता)। चचेरे भाई की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम बडियोवाला में गाव के पास गेहूँ के खेत में शाकिब नाम के व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जसपुर प्रकाश सिहं दानु मय फोर्स के ग्राम बडियोवाला में पहुँचे जहा पर मृतक शाकिब पुत्र अनीश अहमद निवासी ग्राम बडियोवाला थाना जसपुर का शव मृतक के घर पर रखा हुआ था।मृतक के शरीर पर चोट के निशान से प्रथम दृष्टया यह पसंद प्रतित हुआ की शाकिब की हत्या की गयी है, मृतक के पिता अनीश द्वारा बताया गया कि उसका बेटा कल शाम काशिम उर्फ दानिश, निजाम ओर रजा के साथ था। जिसके उपरान्त घटनास्थल मृतक के घर से करीब 800 मीटर गेहूँ के खेत में पहुँचे जहा पर गेहूँ के खेत में शव मिलने के स्थान पर अपराध के साक्ष्य मौजूद थे घटनास्थल से मृतक शाकिब के खून से सने कपडे, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ। मौके पर फौरेंसिक व डाग स्काड टीम को बुलाया गया, मृतक के खून के कपडों को डाग को सुंघाकर संदिग्धों को खड़ा कर ड्रिल करायी गयी तो डॉग द्वारा संदिग्ध काशिम उर्फ दानिश के ऊपर झपट्टा मारा व काशिम उर्फ दानिश के आस (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम ने अधिकारियों के साथ खेली फूलों की होली

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने होली के पर लोहिया हेड गेस्ट हाउस संगठन जुड़े से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेली एवम अबीर गुलाल लगाकर और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की सभी से अपील की। समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की भी कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी





खटीमा में होली मिलन आयोजन कार्यक्रम में पहुंच कर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक होलीकी बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी आत्मीयता के साथ सभी से मिले तथा होली की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने उमंग मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति आपसी भाईचारे का संदेश देती है। होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख शांति एवं मंजूनाथ टीसी, डीएफओ संदीप कुमार, सीडीओ विशाल मिश्रा, हिमांशु बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, जीवन धामी, हेमराज बिष्ट, हेमराज आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन का भव्य आयोजन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा होली पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों एव अधिकारियों ने भागीदारी कर उन्हें होली की बध



ाई दी। मुख्यमंत्री ने सभी से उमंग और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की भी कामना की।

# होली पर हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।तद्भव समिति के सहयोग सारथी परिवार की रुद्रपुर ईकाई ने होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें देश के कई दिग्गज कवियों ने पहुंचकर लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। विगत रात्रि मेट्रोपोलिस मॉल में हास्य कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा और भरत भूषण चुघ ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद हास्य कवि सम्मेलन शुरू हुआ। इसमें कवियों ने स्वयं रचित एक से बढ़कर एक कविताओं को सुना कर समा बांध दिया। जिसमें शायर तकी बाजपुरी ने सोचो कैसे बच्चे पाले हैं साहब, गर्म हवा में जिस्म उबाले हैं साहब। मेरठ की कवयित्री डॉ. शुभम त्यागी ने मिलकर जुलकर सब बैठे हैं उत्सव बड़ा मना देंगे, तुम क्या जानो



हम अंधेरों पर मन के भाव सजा देंगे, साथ तुम्हारा जो मिल जाए आह वाह और ताली से कविता की तो बात ही क्या है, दिल का हाल सुना दें। आगरा के हास्य कवि ऐलेश ने सुबह सुबह पत्नी से लड़ कर चला गया सुख चौन, घरवाली रसिया सी तन गई हम हो गए यूक्रेन, जोगिया सा रा रा रा। बहजोई के कवि डॉ. सौरभ कांत शर्मा ने राष्ट्र बड़ा सारे ही धर्मों को छोड़कर आओ करें प्रणाम सभी हाथ जोड़कर इतना तो मान रखना मेरे प्रभु मेरा, अंतिम सफर पे निकलूं तिरंगे को ओढ़कर। इनके अलावा लखनऊ के कवि योगेश चौहान और काशीपुर की कवि डॉ.मनोज आर्य ने एक से बडकर एक कविताएं सुनाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जयंत शाह रहे। मंच का संचालन सौरभ कांत शर्मा ने किया। इस दौरान विनोद गोस्वामी, दिनेश बम, सचिन छाबड़ा, जगदीश शर्मा, मफतलाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# जन्मभूमि इंटर कालेज में होली पर्व की रही धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में स्थित जन्मभूमि इंटर कालेज में सात मार्च को रंगों का पर्व होली बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कालेज के छात्र छात्राओं ने फूलों की पंखुड़ियों तथा अबीर गुलाल से गुरुजनों की मौजूदगी में जमकर होली का आनंद लिया। संगीत की धुन पर सभी ने खूब डांस भी किया। इससे पूर्व कालेज के प्रबंधक डॉ. सुमित राय ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रशपाल सिंह तथा अन्य अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ होलिका के प्रतीक पर फूल समर्पित किए। जिसके पश्चात उन्होंने सभी स्टॉफ व छात्र छात्राओं पर फूलों की वर्षा कर होली कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने न सिर्फ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व धूमधाम से मनाया बल्कि गुरुजनों भी रंग बिरंगे अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। प्रबंधक डा. सुमित राय ने सभी विद्यार्थियों तथा स्टॉफ को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए



उनसे अपने घरों में भी होली पर्व आपसी सद्भाव के साथ मानने की अपील की। इस मौके पर सह अध्यापक अध्यापिका सचिन, चित्रा, सुमित्रा, दीपिका, सोनाली, उजाला, अनीता, भावना, ममता, संगीता, पूनम गंगवार, नीतू, पूजा, सरिता, पायल, नीलम, अंजू , नीलम कोरी, ममता दास, पिंकी, ममता कुमारी मम, त्रिलोक, नीतीश सर, सुनीता मौसी , आशा मौसी, संगीता मौसी आदि स्टाफ उपस्थित थे। अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# आंदोलनकारियों ने किया अल्मोड़ा में रथ यात्रा निकालने का ऐलान

अल्मोड़ा । जनपद मुख्यालय से से 35 किलोमीटर दूर डालाकोट गांव में हुई राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि अपनी लंबित मांगों व जन समस्याओं को लेकर राज्य आंदोलनकारी 10 मार्च को अल्मोड़ा जनपद में रथ यात्रा निकाल कर सरकार को चेताएंगे, बैठक में तय हुआ कि राज्य



आंदोलनकारी 10 मार्च को 10बजे गांधी पार्क अल्मोड़ा में एकत्र होकर यात्रा प्रारम्भ करैंग ।`चितई पेटशाल बाड़ेछीना पनुवानौला आरतोला गुरड़ाबांज काफलीखांन धौलादेबी-दन्या कस्बों में जनसंपर्क व सभाओं के माध्यम से अपनी बात कहैंगे11मार्च को यात्रा पुन: अल्मोड़ा से शुरूहोकरजोकपड़खान बसौलीताकुलासोमेश्वर बिंता होते हुएद्वाराहाट तक जायेगी 12मार्च कोचौखुटियामासीभिकियासैनभतरौजखांन रानीखेत होते हुए अल्मोड़ा पहुंचकर यात्रा का समापन होगा बैठक में ब्रह्मानन्द डालाकोटी,दौलत सिंह बगड्वाल, दिनेश शर्मा, गोपाल सिंह बनौला, नवीन डालाकोटी,पूरन सिंह,बसंत जोशी,देबनाथ गोस्वामी,लक्ष्मण सिंह,सुंदर सिंह कुंदन सिंह, सुंदरराम ताराराम,खड़क सिंह,किशनानंद पांडे,सतीश पांडे,सूरज सिंह तारादेबी आदि मौजूद रहे।

# आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के डा. विश्वमित्र प्रधान व प्रभाष मंत्री निर्वाचित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड की बैठक मानपाल सिंह राठी की अध्यक्षता मे व ओमप्रकाश मलिक निर्वाचन, अधिकारी के मार्गदर्शन मे आर्य समाज सुभाष नगर - देहरादून मे आयोजित हुई। जिसमे आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से डा. विश्वमित्र आचार्य प्रधान, चौधरी शीशपाल राणा (किच्छा) व शत्रुधन मौर्य उप-प्रधान, प्रभाष चन्द्र अग्रवाल (जसपुर) मंत्री, अशोक कुमार आर्य कार्यकारी मंत्री, दयाकृष्ण काण्डपाल उप-मंत्री, डा. राम सहाय वर्मा पुस्तकालयाध्यक्ष, नरपति सिंह आर्य उप-कोषाध्यक्ष, डा. संदीप आर्य अधिष्ठाता आर्य वीर दल, विनीत पाठक कोषाध्यक्ष, छाया सत्र के प्रधान पीपी शर्मा चुने गये।

# अपना जन्मदिन वृक्षारोपण एवं होली के रंगों के साथ बच्चों के बीच मनाया

गदरपुर। महिमा चौरिटेबल सोसायटी की अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट द्वारा अपनी टीम व नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ होली पर्व मनाते हुए अपने जन्मदिन को सार्थक करने के लिए वृक्षारोपण भी किया। आवास विकास स्थित प्रगति इंटर कालेज में प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में महिमा चौरिटेबल सोसायटी की नगर अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों को वैरभाव भुलाकर होली पर्व को मनाने की अपील की स उन्होंने बच्चों के साथ सूखे रंग एवं फूलों की होली खेलते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की स इस मौके पर तमाम स्कूली बच्चे शामिल रहे।

# भाईचारे का संदेश देता है होली पर्व: रामपाल

रूद्रपुर। मेयर रामपाल सिंह के शक्तिविहार स्थित निवास पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मेयर के आवास पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही पार्षदों एवं नगर निगम कर्मचारियों सहित हजारों लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मेयर रामपाल को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मेयर रामपाल सभी के साथ सादगी से मिले और गले



मिलकर और अबीर गुलाल लगाकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि तराई में हर त्यौहार को आपसी मेलजोल औरभाईचारे के साथ मनाने की परंपरा रही है। इस परंपरा को जीवित रखने और शांति व्यवस्था और भाईचारा कायम रखने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भेदवभाव और सारे मतभेद भुलकर समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। लेकिन आज इस त्यौहार के दिन लोग हुड़दंग करके इस त्यौहार का ही नहीं बल्कि हिंदू संस्कृति और सभ्यता का भी अपमान कर रहे हैं। होलिका दहन से यही संदेश मिलता है कि हम अपने अंदर की सभी बुराईयों को दहन कर एक बेहतर इंसान बनकर आदर्श समाज का निर्माण करें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर ( ऊधम सिंह नगर )

पत्रांक 793/ निविदा सूचना / 2022-23 दिनांक 6 मार्च 2023

**-: निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण एंव इच्छुक अधिकृत बिजली मरम्मत एंव कार्य करने वालों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर सीमान्तर्गत स्ट्रीट लाईट को जलाने-बुझाने एंव लाईट लगाने / मरम्मत की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु दक्ष ठेकेदार जिन्हे विधुत विभाग / प्रतिष्ठि संस्थानों में लाईट कार्य करने का पूर्ण अनुभव हो तथा कार्मिक आई0टी0आई डिप्लोमा धारी हो से दिनांक 22/03/2023 अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे शासन द्वारा गठित प्रक्योरमेट कमेटी द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क 1000 रू०+जी०एस०टी० जमा कर निविदा प्रपत्र को दिनांक 20/03/2023 अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकतें हैं । निविदा के साथ 100 रू0 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प मय रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । धरोहर राशि के रूप में 50000 रू० की एफ०डी०आर० / एन०एस०सी०/ पोस्ट ऑफिस सावधि (वित्तीय वर्ष) के रूप में अधिशासी अधिकारी के पद् नाम से बंधक संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत किये जाने का अधिकार अध्यक्ष न०पा०परि० गदरपुर में निहित होगा । शर्तों सम्बन्धित जानकारी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं।

**( जगदीश चन्द्रा )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गदरपुर ऊधम सिंह नगर**

**( गुलाम गौस )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद गदरपुर ऊधम सिंह नगर**


# आईएफएस के वरिष्ठ अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड भ्रमण पर आये भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारियों श्री मदन कुमार घिल्डियाल, श्री भास्कर भट्ट एवं श्री महेन्द्र सिंह पतियाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। ये तीनों आईएफएस अधिकारी उत्तराखण्ड के हैं। राज्यपाल ने अधिकारियों से अपने मिशन और विजन साझा किए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यरत देशों में यहां की महिलाओं और विश्वविद्यालयों की छात्राओं के अनुभव के आदान-प्रदान हेतु भ्रमण कार्यक्रम बनाने का अनुरोध किया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आरएएन के बच्चों ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। । आरएएन पब्लिक स्कूल रूद्रपुर के छात्र छात्राओं ने 2022.23 में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए



विद्यालय के गौरव में चार चांद लगाए। बच्चों की उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय,विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट ने सभी बच्चों एवं उनके माता पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विजेता छात्र छात्राओं में प्रथम स्थान पर गुरलीन कौर, अक्षत त्यागी, देवेश सिंह द्वितीय स्थान पर श्रेया गर्ग, निहारिका एवं तृतीय स्थान सूर्यांश पंगहल ने प्राप्त किया।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# वेदांता हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में उमड़ रही रोगियों की भीड़

काशीपुर। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी वेदांता हॉस्पिटल द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर लगाए जा रहे निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप से रोगियों को उपचार में काफी राहत मिल रही है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ शेखर बिष्ट एवं डॉक्टर पूजा बिष्ट ने बताया कि वह पूरी तरह चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पित है। उन्होंने बताया कि पूर्व में तीन स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाए जाने के बाद मरीजों के रुझान को देखते हुए अगला कैंप रामनगर के मालधन क्षेत्र में लगाने का निर्णय लिया गया है। डॉक्टर दंपति ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा कैंप का यह सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा। ज्ञातव्य है कि बीते एक मार्च को वेदांता हॉस्पिटल के तत्वावधान में मानपुर रोड स्थित सदाशिव पब्लिक स्कूल परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में रोगियों के ब्लड प्रेशर शुगर टेंपरेचर एवं स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उन्हें फ्री दवाओं का वितरण भी किया गया।




इसके अलावा जटिल रोग से पीड़ित रोगियों की मुफ्त जांच करते हुए उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई। इस कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सैकड़ों की तादाद में रोगियों की भीड़ उमड़ी। निशुल्क चिकित्सा कैंप में वेदांता हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ शेखर बिष्ट, डॉक्टर पूजा बिष्ट, डॉ कपिल, डॉक्टर हेमा के अलावा सहयोगी स्टाफ में भूमिका व रामरूप प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी तरह बीते 22 फरवरी को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले वेदांता हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा दढियाल तिराहे पर निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा कैंप में आसपास के मोहल्लों के अलावा समीपवर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के गांव से जुड़े रोगियों ने भी बड़ी तादाद में अपना परीक्षण कराया। डॉ शेखर ने बताया कि जनसेवा एकमात्र उनका उद्देश्य है। आगे भविष्य में भी वह इसी तरह से स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाकर आम जनता की सेवा के लिए पूरी तरह तत्पर रहेंगे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सशक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब समाज में नारी सशक्त होगी : शैलेंद्र मिश्रा

काशीपुर। जन जीवन उत्थान समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा और प्यार व महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक जीवन को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है ।एक स्थाई कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी है। जब महिला सशक्त होगी तब सशक्त भारत का निर्माण होना संभव है। भारतवर्ष एक संपन्न, परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध देश है जहां महिलाओं का सम्मान होता है चूकि महिलाओं को विश्व की जननी माना जाता है भारतवर्ष में यहां तक कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। भारतवर्ष में महिला सशक्तिकरण के लिए



महिलाओं की शैक्षिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्तर को सुधारने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ,सुरक्षित मातृत्व सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, प्रधानमंत्री समर्थ योजना, महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के लिए बनाई गई हैं ।महिलाओं को समान वेतन अधिकार, यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार ,पुश्तैनी संपत्ति पर महिला का अधिकार, गरिमा एवं शालीनता का अधिकार आदि तमाम अधिकार देकर उन्हें सशक्त किया गया है। महिलाओं का परिवारिक बंध नों से मुक्त होकर अपने व अपने देश के बारे में सोचने की क्षमता ने विश्व में है साबित कर दिया है कि वह पुरुष से किसी भी हाल में कम नहीं है इसलिए हम सब को संकल्प लेना है कि मानव प्रगति में महिलाओं को सुरक्षित हर क्षेत्र में बराबरी का भागीदार बनाया जाए तभी देश व दुनिया आगे बढ़ कर विकास की ओर अग्रसर होगे। इस मौके पर सीमा शर्मा एडवोकेट, प्रीति शर्मा, मुमताज, आदि मौजूद रहे।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# भारतीय संस्कृति में होली का विशेष महत्व: शर्मा

रूद्रपुर। भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के आवास पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर के व्यापारी कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए और सब ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी ।प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि यह रंगों का त्योहार हर्ष और उल्लास का त्यौहार है इस त्यौहार के अंदर सभी लोग अपने



गिले-शिकवे दूर कर रंग लगाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं और जीवन में जितनी भी टेंशन परेशानियां होती हैं उन से मुक्त होकर इस रंग के त्यौहार में स्वरों बार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति है जो हमें अपने त्योहारों से एक अच्छा जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में भाजपा के नगर अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, सुनील ठुकराल व्यापार मंडल के महामंत्री गौरव आहूजा, कोषाध्यक्ष सुनील झाम, सतपाल गंगवार, अजीत राठी, मदन शर्मा, शिवकुमार, राजेश जग्गा, गिरीश पाल, विक्की बाल्मीकि, संदीप बाल्मीकि, छात्र संघ उपाध्यक्ष अकाश कुमार, छात्र संघ महासचिव रोहित भट्ट, चंदन भट्ट, सतीश मुंजाल सोम मुंजाल, पंकज कटारिया, मनोज छाबड़ा, सचिन छाबड़ा, सचिन गुंबर, वरुण गुजराल मुंजाल, सुनील चुघ, राजन राठौर, नितेश, सीमा गुप्ता, भुवन गुप्ता, सुशील नारंग, राजकुमार खनिजो, पंकज बांगा, जगदीश टंडन, गणेश सरकार आदि कार्यकर्ता थे।

# महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक पूजा लटवाल के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर समाजहित में कार्य कर रही महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को संस्था पदाधिकारियों व यातायात निरीक्षक राकेश माहरा ने हल्द्वानी कालाढूंगी चौराहा में माला पहनाकर ट्रॉफी देकर सम्मानित कियाइस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से कहा की नारी शक्ति ही एक ऐसी शक्ति है जो सारे देश को सारे समाज को कभी एक माँ के रूप में कभी एक बहन के रूप में कभी एक पत्नी के रूप में तो कभी एक बेटी के रूप में एकता के सूत्र में बांधकर रखती हैं इसीलिए आज जरुरत हैं कि लड़कियों और महिलाओं को स्वयं आगे बढ़कर अपने अधिकारों को पहचानकर सबसे पहले उन्हें खुद को सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर उन्हें ये बताना होगा कि उनके अन्दर भी असीम क्षमतायें हैं उनका वो प्रयोग कर हर चुनौतियों का सामना वर्तमान समय में भी भारतीय नारी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना होगा जिससे भारतीय नारी को जब भी कोई मौका मिलेगा तो वह अपनी प्रतिभा को पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाध्यक्ष बलराम



करने में पूर्ण रूप से सक्षम है क्योंकि भारतीय सेना में मातृशक्ति की अधिक भागीदारी जैसी लाखों लड़कियां और महिलाएं जिन्होंने अपने कार्यों से अपनी शक्ति का परिचय दिया इसलिए निखार कर भारत देश को प्रगति उन्नति की नई बुलंदियों में पहुँचाकर भारत देश को विश्व गुरु बनाने में भारतीय नारी का निश्चित रूप अहम योगदान रहेगा इस दौरान महिला ट्रैफिक हालदार मार्गदर्शक पूजा लटवाल रितिक साहू पूजा जोशी अभिषेक साहू सूरज मिस्त्री सुशील राय पवन कुमार दीपक प्रजापति मुकेश कुमार सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चीमा के निवास पर होली की धूम

गदरपुर (उद संवाददाता)।किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा के निवास स्थान पर होली मिलन भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं वरिष्ठ भाजपाइयों ने पहुंचकर रंगो गुलाल के साथ झूमते नाचते होली पर्व को मनाया। मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले जमकर होली का पर्व मनाया। उन्होंने कहा किसान देश की रीढ़ की हड्डी है और को होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर ऐसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार, कविंद्र सैनी, अरविंद





समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया सहित इस अवसर पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा ने आए अतिथियों एवं ग्रामीणों के साथ किसान हर त्योहार को सौहार्द के साथ मनाने के लिए वह अपने किसान भाइयों के साथ हमेशा तैयार है उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों पाल, विक्रमजीत सिंह, परमजीत सिंह पम्मा, राकेश भुसरी सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

# छात्राओं को योग कराकर बताए लाभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित योग महोत्सव का समापन बड़ी धूमधाम से किया गया।



योग महोत्सव के अंतिम दिन महाविद्यालय की छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगा कराए गए और योग से होने वाले फायदे को विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त योग से किन किन बीमारियों को दूर किया जाता है उसके बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित द्वारा छात्राओं को नियमित योग करने की सलाह दी गई और योग महोत्सव कराने के लिए नमामि गंगे टीम को धन्यवाद दिया।

# होली के रंग में झूमे विधायक शिव अरोरा

## आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में लगा समर्थकों का भारी जमावड़ा






रुद्रपुर( उद संवाददाता)।क्षेत्रीय भाजपा विधायक आवास आयोजित हुए होली मिलन समारोह में सुबह से ही रुद्रपुर के दूर दराज इलाको से विधायक शिव अरोरा के चाहने वाले ओर समर्थकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। वही विधायक शिव अरोरा ने भारी संख्या में पहुँचे लोगो का गर्मजोशी से गुलाल लगाकर स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा होली हमारे सनातन परंपरा में रंगों उलास ओर उमंगों से भरा हुआ त्यौहार है जिसको लेकर हर वर्ष उनके आवास पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन होता है और निश्चित रूप से रुद्रपुर विधानसभा से लोग आपसी प्रेम ओर उत्साहपूर्ण माहौल में होली मिलने आते हैं । वही विधायक शिव अरोरा भी होली पर अपने समर्थकों संग थिरकते हुए नजर आए उनके समर्थकों द्वारा उनको कंधे पर उठाकर होली पर्व के उत्साह को जाहिर किया। वही विधायक शिव अरोरा के अवसर पर दोपहर तक होली की बधाई देने वालों का आना लगा रहा। विधायक शिव अरोरा ने कहा होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत है और यह पर्व छोटे और बड़े के भेदभाव को दूर करते हुए सबको जोड़ने का कार्य करती है हमारी सनातन संस्कृति ही है, जिसकी गूंज विश्व पटल पर भी नजर आती है। वही विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा हमारा क्षेत्र विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे और क्षेत्र में चहुमुखी विकास के लिये वह संकल्पबद्ध है । इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारग, मण्डल अध्यक्ष भाजपा धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, उत्तम दत्ता, राकेश सिंह, राजेश डाबर, के के दास , जगदीश विश्वास, प्रीत ग्रोवर, राधेश शर्मा,सुनील ठुकराल, सोनू अनेजा, राजेश पप्पल, राजेश जग्गा, यशपाल घई, महेश कोली, विपिन कोली, सुरजीत कीर्तनिया, शिवकुमार गंगवार, विनय बत्रा,धीरेंद्र मिश्रा, उमेश पसरीचा, मयंक कक्कड़, मोहित कक्कड़, डॉ सीमा अरोरा, राजन राठौर राजकुमार कोली,गिरीश पाल, योगेश वर्मा,हरपाल चावला, विजय भूषण गर्ग, मनीष अग्रवाल, वीरेंद्र सुखीजा,विकास बठला, अरविन्द गंगवार,अनमोल विर्क, मनोज मदान, आयुष तनेजा, गौरव अरोरा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने मुख्य बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों को दी होली की शुभकामनाए

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने होली की पूर्व संध्या आज मुख्य बाजार भ्रमण कर व्यापारियों लोगो से मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दीं । बाजार भ्रमण के दौरान विधायक शिव अरोरा का जगह जगह व्यापिरियो द्वारा रंग लगा कर स्वागत किया गया। वही क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने रंगों के त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ सभी को होली शुभकामनाएं दी । वही क्षेत्र में होली को लेकर भारी उत्साहपूर्ण वातवारण नजर आया । वही विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प में स्थानीय लोगो द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में पहुंचने पर फूल गुलाल की वर्षा कर के जोरदार स्वागत किया। वही विधायक शिव अरोरा ने सभी को गले लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान गुरमीत सिंह, सुनील ठुकराल, सोनू अनेजा, सुशील गाबा, प्रीत ग्रोवर, अशोक गुम्बर, मनोज मदान, राजेश अरोरा, विक्की घई, धीरेश गुप्ता, सुरेश कोली, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।







# पूर्व विधायक ठुकराल के निवास पर जमकर खेली रंगों की होली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल के होली मिलन कार्यक्रम में ग्रामीण व क्षेत्र के अनेक कॉलोनियों से होली की बधाई देने पहुंचे




सभी शुभचिंतकों का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गले लगाकर किया स्वागत व सभी को होली की बधाई दी। इस दौरान जसविंदर सिंह खरबंदा ,व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, घनश्याम श्यामपुरिया, विजय भूषण गर्ग, गोपाल गोयल ,तारा चंद्र अग्रवाल, बलदेव छाबड़ा, अशोक हुड़िया, अनिल चौहान, संजय जुनेजा, हरीश भट्ट, उत्तम दत्ता ,तरुण दत्ता ,राकेश सिंह, के के दास ,देवेंद्र साहू ,आशीष छाबड़ा ,राजकुमार भुसरी, दिलीप अधिकारी, विपिन शर्मा, पार्षद प्रमोद शर्मा ,बबलू सिंह चौहान ,मोनू निषाद, रोहन गुप्ता, मोर सिंह यादव, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण, सुनील चौहान, विक्की आहूजा, राजेंद्र सिड़ाना, मुल्खराज सुखीजा, रंजीत सागर, रंजीत राणा,चन्दर चुघ, आकाश कुमार, अशोक यादव ,अमिताभ वैध, मोहन अरोरा, हरीश बनाई ,गुरमीत सिंह गाबा,मनीष छाबड़ा, पुरुषोत्तम छाबड़ा ,किशन नारंग, विक्की मुंजाल, सूरज प्रकाश ठुकराल, सतीश ठुकराल, बनारसीदास ठुकराल, सत्य प्रकाश चौहान, राजकुमार , वरुण मुंजाल, धर्मपाल ठुकराल ,रामप्रसाद चंद्रा ,सोमपाल चंद्रा ,राजीव चावला, मनोज छाबड़ा ,संदीप ठुकराल, मनोज ठुकराल, सुनील चुघ, सचिन मुंजाल ,चिराग कालड़ा, अमरपाल सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, केशव शर्मा ,दिनेश शर्मा ,महेंद्र आर्य, महेंद्र पाल ,प्रवीण विश्वास ,सतनाम सिंह, राजेंद्र पाल, मनोज आर्य ,हनी ग्रोवर, सतनाम सिंह बंटी, राजेश गर्ग ,पवन अग्रवाल, पवन जिंदल ,सुधीर ठाकुर ,वसीम त्यागी, गगन ग्रोवर ,विक्रम रावत, कांति कोहली ,राजू गुप्ता, राहुल पाल, गिरीश पाल ,उपदेश सक्सेना, त्रिलोक कोली, हेमत राम कोली, मुरारी कोली, किशन कोली, सूरज, किशन कोली, शंकर कोली ,राज कोली, राजू कोली, अशोक श्रीवास्तव, खेम करण रस्तोगी, आदेश गंगवार, सुशील गावा ,राधे शर्मा, अशोक भल्ला, विकास भल्ला ,नितिन भल्ला, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# बाबा भक्त मण्डल ने मनाया होली मिलन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बाबा भक्त मण्डल की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन आदर्श कालोनी स्थित जी मार्ट के समीप किया गया। इस अवसर पर बाबा भक्तों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी मेल जोल और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। ऐसे पर्वों को मिल जुलकर मनाने से ही त्यौहारों का उददेश्य



सार्थक होता है। उन्होंने मण्डल के सभी सदस्यों को मण्डल की ओर से होने वाले आगामी कार्यक्रम की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर इस बार बाबा भक्त मण्डल की ओर से माता की चौकी का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर साहिल आहूजा, शिवम तागरा, तुषार अहूजा, गौरव भुड्डी, भुवनेश्वर अरोरा,मनोज मुंजाल,रामचंद्र आहूजा, रोशन लाल तागरा,दीपक ढींगरा, बंटी सहगल, सुमित सहगल, हनी ग्रोवर, विक्की आहूजा,राजेश कामरा, रुशील अरोरा आदि भी मौजूद थे।








उत्तराखण्ड शासन
G20 भारत 2023 INDIA
संकल्प नये उत्तराखण्ड का
समस्त प्रदेशवासियों को रंगों के महापर्व
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का प्रतीक त्यौहार होली समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख और समृद्धि का कारक बने, उत्साह और उमंग के इस महापर्व होली की प्रदेशवासियों को मंगल कामनाएं
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अपराधियों की दहशत

यूपी पुलिस ने राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल को दिनदहाड़े गोली मारने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े एक और आरोपी के मारे जाने के बाद एक बार फिर सियासी बयानबाजियां शुरू हो गई हैं। इस हत्याकांड से जुड़ा यह दूसरा आरोपी था, जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। किसी भी सभ्य समाज में अपराधियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और इसे सुनिश्चित करना हर कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश पुलिस ने निश्चित रूप से तत्परता दिखाई और राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल को दिनदहाड़े गोली मारने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। उसी कोशिश में वे दोनों मारे भी गए। चूंकि राजू पाल और उमेश पाल की हत्या के पीछे वजह राजनीतिक रंजिश बताई जाती है, इसलिए भी इन मुठभेड़ों को राजनीतिक रंग देने में आसानी हो गई है। मगर सवाल है कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में अपराधियों ने आम लोगों को दहशत में जीने पर मजबूर किया है, उसमें उन्हें राजनीतिक संरक्षण में क्यों फलने-फूलने दिया जाना चाहिए। छिपी बात नहीं है कि आपराधिक प्रवृत्ति के बहुत सारे लोग कानूनी संरक्षण पाने के मकसद से किसी न किसी राजनीतिक दल का दामन थाम लेते और फिर न सिर्फ निर्भय होकर घूमते, बल्कि और दहशत फैलाना शुरू कर देते हैं। अच्छी बात है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ऐसे लोगों के दहशत को खत्म करने का प्रयास कर रही है।छिपी बात नहीं है कि राजू पाल की हत्या इसलिए करा दी गई थी कि उन्होंने बाहुबली नेता अतीक अहमद को चुनौती दी और उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गए थे। राजू पाल के परिजनों ने प्राथमिकी में स्पष्ट आरोप लगाया था कि अतीक अहमद ने ही राजू पाल की हत्या कराई। उस घटना के इकलौते गवाह उमेश पाल थे। उनकी हत्या में भी अतीक अहमद के लोगों का ही हाथ बताया गया।जो भी अपराध की दुनिया से थोड़ा-बहुत परिचित हैं, वे अतीक अहमद की दबंगई से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मगर अतीक अपने राजनीतिक रसूख की वजह से कानून की पकड़ से बचे रहे। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने राजनीतिक संरक्षण में रहते हुए कानून के चंगुल से बचते आ रहे ऐसे तमाम आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया है, तो आम लोगों ने स्वाभाविक ही राहत की सांस ली है। मगर सत्तापक्ष के राजनीतिक विरोधियों को यह कड़ाई रास नहीं आ रही और ऐसी कार्रवाइयों के खिलाफ कोई न कोई तर्क जुटाने का प्रयास करते देखे जाते हैं।यह ठीक है कि पुलिस को किसी अपराधी को जान से मारने का अधिकार नहीं है, उसकी कुशलता इस बात में मानी जाती है कि वह अपराधी को पकड़ कर अदालत के सामने पेश करे। मगर जब कोई अपराधी पुलिस पर गोलियां दागनी शुरू कर दे, तो बचाव में पुलिस को भी गोलियां चलानी ही पड़ती हैं। उमेश पाल हत्याकांड में आरोपियों पर शिकंजा कसने के दौरान भी यही हुआ। इससे अपराधियों में यह संदेश बहुत कड़े ढंग से गया है कि ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से इससे आम लोगों का भी पुलिस के अपराधियों पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता को लेकर भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश सरकार शुरू से राज्य में अपराध मिटाने को लेकर संकल्पबद्ध है। ऐसे में उससे यह अपेक्षा बनी हुई है कि वह अपराधियों को किसी भी रूप में राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास नहीं करेगी।

# मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब बनाई जाएंगी : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्य सेवक सदन में औषधि दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में घोषणा की कि राज्य के जिन मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब नहीं हैं, वहां कैथ लैब बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा इकाइयों में एमआरआई सिटी स्कैन की पूरी व्यवस्था एवं टेक्निशियन की कमी को पूरा किया जायेगा, इसमें सभी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सम्मिलित हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सत्र 2022-23 में जन औषधि के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले डॉ. पुनीत धमीजा, जन औषधि मित्र के रूप में श्रेष्ठ कार्य करने वाले श्री मुकुल अग्रवाल एवं जन औषधि ज्योति के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली श्रीमती कुसुम गोयल को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को जन औषधि दिवस एवं होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शरीर



को स्वस्थ रखना अत्यंत आवश्यक है, शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशभर में जन औषधि केंद्र खोलकर लोगों को सस्ती और सुलभ दवाइयां उपलब्ध कराने का कार्य किया है। उनका लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जन औषधि योजना के अंतर्गत सरकार कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध करा रही है। इस योजना के द्वारा अभी तक 850 से ज्यादा दवाओं का मूल्य नियंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जन औषधि योजना सेवा और रोजगार दोनों का एक सशक्त माध्यम बन गई है। इस योजना से सिर्फ पुरुषों को ही नहीं बल्कि महिलाओं को भी बहुत लाभ हुआ है। देशभर में एक हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र ऐसे हैं, जिन्हें सिर्फ महिलाएं ही चला रही हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री खजान दास आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने थाने में मनाया महिला दिवस

गदरपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर्व पर भाजपा महिला मोर्चा ही नगर अध्यक्ष ज्योतिराज के नेतृत्व में थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष राजेश पांडे के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम मैं महिला उप निरीक्षक कुसुम रावत के साथ महिलाओं द्वारा रंगों का त्योहार होली रंगों का



टीका लगाकर मनाया स भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ज्योतिराज ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला महिलाओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए उन्होंने महिला दिवस एवं होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मिलजुलकर आपसी बैर भाव भुलाकर होली का त्यौहार मनाने का आह्वान किया। इस मौके पर कुलबीरी चौधरी, राजबाला चौहान, पूनम ग्रोवर, पूनम कश्यप, राधा रानी सहित तमाम महिलाएं शामिल थी।

# उत्तराखण्ड में छोटे एवं मध्यम उद्योगों की बेहतर संभावना

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. पूनम सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान के मिशन, विजन और उद्देश्यों के साथ-साथ उत्तराखण्ड में क्रियान्वित मुख्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में छोटे एवं मध्यम उद्योगों की बेहतर संभावनाएं हैं। संस्थान को लोगों हेतु उद्यमशीलता और कौशल



विकास के लिए प्रशिक्षण, परामर्श, अनुसंधान पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर यहां की महिलाओं, युवाओं, पूर्व सैनिकों सहित जेल में कैदियों के लिए कौशल विकास व उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाय। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में संस्थान को सहयोग करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाय जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजभवन में भी उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर एक सेमिनार भी आयोजित किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान के लोगों को रोजगार ढूंढने की बजाय रोजगार प्रदाता की भावना के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि उद्यमिता की और लोगों को प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया जाय।

# मंडलायुक्त दीपक रावत ने किया जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंडलायुक्त दीपक रावत ने पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचकर जी-20 सम्मेलन हेतु चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सम्मेलन के दौरान एयरपोर्ट पर संचालित की जाने वाली गतिविधियों, एयरपोर्ट पर आवागमन एवम निकासी, सौंदर्यकरण, पार्किंग सहित आधरभूत सुविधाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई के अभियंताओं को रोड निर्माण, विभिन्न स्थानों पर पेंटिंग कराने के साथ ही निर्धारित क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं को टेढ़े पोल्स को बदलने तथा झूलते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के किनारे



सफाई कराने के निर्देश अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को दिए। मंडलायुक्त ने प्रशासनिक अमले के साथ पंतनगर से बाजपुर दौराहे तक बस में सफर कर, चल रही तैयारियों का भी जायजा लेने के साथ ही बस यात्रा का भी अनुभव लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने जनपद में चल रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने तैयार की गई कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी युगल किशो पंत ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, सीडीओ विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश चन्द्र कांडपाल, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, प्रबंध निदेशक मंडी आशीष भटगाई, पीडी एनएचएआई योगन्द्र शर्मा, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी एमपीएस रावत, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, डीपीआरओ आरसी त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तराखण्ड की समस्त महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तथा उनके अधिकारों को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मात्र महिलाओं के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, अपितु संपूर्ण समाज के संतुलित एवं सर्वांगीण विकास के लिए पुरुषों के लिए भी समान महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि हमें महिला सशक्तिकरण से एक कदम आगे, महिला नेतृत्व की ओर बढ़ना होगा। राज्यपाल ने कहा कि बेहतर शिक्षा, कौशल विकास तथा पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवा कर ही महिलाओं को वास्तव में सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। हमें एक ऐसी संस्कृति तथा वातावरण बनाना है जिसमें महिलाओं को निर्णय लेने की पूर्ण स्वतंत्रता हो। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की परिश्रमी व साहसी महिलाओं का राज्य के विकास एवं प्रगति में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में परिवार का सबसे सशक्त सदस्य हमारी महिलाएं ही हैं वे अपनी क्षमता के बल पर किसी भी चुनौति से निपटने में सक्षम हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में महिलाओं ने अपने परिश्रम व साहस के बल पर अपने घर, गांव, खेतों और संस्कृति को आबाद रखा। राज्य आंदोलन में भी यहां की वीर नारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

# मुंबई में धूमधाम से मनाया गया होली महोत्सव

मुंबई। देवभूमि लोक कला उदगम आर्टिस्ट्स वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा खुशियों और रंगो का त्यौहार होली महोत्सव मुंबई में धूम धाम से मनाया गया जिसमें देवभूमि आर्टिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी जिसमें पहाड़ की संस्कृति ढ़ोल दामों, मसकबीन, हुड़को की धुन में कुमाऊंनी खड़ी होली, खेल झोड़ा चांचरी होली गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दे कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।होली महोत्सव 2023 के कार्यक्रम में संस्थापन दिवान सौंन, दीपा सौंन, अध्यक्षा गायत्री बिष्ट चिलवाल, महासचिव नीलम शर्मा





सलाहकार नलिनी मेहता, मधु पैन्यूली, पूजा पिलख्वाल, फकीरसिंह बिष्ट, बहादुर सिंह मेहता, लोकगायक देवकी नंदन कांडपाल रमेश भट्ट, शशी राजन कुमार, आरती सजवान, विष्णुदत्त जोशीजी, हीरा वल्लव जोशीजी, मिलापसिंह रावतजी, मोहनसिंह कठायतजी, पी.सी.पांडे, हंसादत्त पांडे, पूरन चंद्र पांडे, कैलाश ठाकुर, निर्मला बिष्ट, पुष्पा भट्ट, दीपा भट्ट, निलेश कंडवाल, लिली कंडवाल, दयानंद भट्ट, मंजू भट्ट,सुरेश भट्ट, पूरन सिंह चिलवाल, महेंद्र कुमार सिंघवी, विजय पैन्यूली, अंजू भारद्वाज, कंचन प्रजापती, पूनम रावत, गंगा चिलवाल, गीता बिष्ट, कुलदीप बिष्ट, रेखा बिष्ट, बेबी बिष्ट, राज चिलवाल, आंचल चिलवाल, ऐश्वर्या सौंन, अभिषेक बहुगुणा, पूजा बिष्ट, तनिष्क सौंन नीतू रौतेला, बीना एवं आदिशक्ति भजन मंडली सहपरिवार होली महोत्सव 2023 को सफल बनाने में सामिल रहे।

# चिराग तले अंधेरा:नगर निगम की आसपास चल रहा है प्रतिबंधित पॉलीथिन का खेल

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ कार्यवाही करने वाली टीम पिछले काफी समय से चिराग तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। यानी नगर निगम के आसपास भारी तादाद में प्रतिबंधित पॉलिथीन का खुला आंख प्रयोग नित्य प्रति हो रहा है इसके बावजूद अधिकारी सूचना देने वाले को ईनाम की घोषणा कर रहे हैं। हाल फिलहाल जारी बेक बयानों में निगम के एक उच्चाधि कारी ने ऐलान किया कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के कारोबार से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा साथ ही उन्हें यथोचित पुरस्कार भी दिया जाएगा। मजे की बात तो यह है कि नगर निगम के आसपास दूध की डेरी सब्जी की दुकानों के अलावा रतन रोड पर फास्ट फूड के ठेले फल के ठेले तथा परचून की दुकान ऊपर भारी तादाद में प्रतिबंधित पॉलिथीन का लगातार प्रयोग जारी है। इस लिहाज से इनाम की रकम खुद अधिकारियों को अपनी जेब में रख कर ऐसे लोगों के



खिलाफ जरूर कार्यवाही करनी चाहिए जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नियम कायदों को तिलांजलि दे रहे हैं। यहां यह भी बता दें कि काशीपुर नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजारों में भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है।

# बेहड़ के निवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। होली के उपलक्ष में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय में 8 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही भारी संख्या में क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा।भारी तादात में क्षेत्रवासी होली की बधाई देने विधायक कार्यालय में पहुंचे। विधायक तिलकराज बेहड़ जो कि किडनी प्रत्यारोपण के पश्चात इस समय दिल्ली में रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं व्हाट्सएप के जरिए लोगों लोगों से रूबरू हुए। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने कार्यालय में सभी पधारें महानुभावो से होली मिली उनका स्वागत किया ,वही उनके छोटे पुत्र सौरव बेहड ने भी वीडियोकाल से कार्यालय में पहुचें क्षेत्रवासियों को होली की बधाई प्रेषित की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा, ओम प्रकाश दुआ, गुलशन सिंधी , राकेश खुराना, नितिन फुटेला, अशोक चुग, दिलीप सिंह बिष्ट,गुरदास कालरा, विनोद सिड़ाना,दिनेश भाटिया, अंकुर पपनेजा,कमल खुराना, राकेश चौबे, परवीन रहेजा, मनोज गाँधी,जीवन जोशी ,कुलदीप सिंह लक्की , सुनीता कश्यप, अशोक सिड़ाना, बंटी पपनेजा , तृप्तपाल सिंह, जितेंद्र अग्रवाल, रामो अग्रवाल, गंभीर,गजेंद्र मिगलानी, धर्मेंद्र सिंधी, संतोष ठाकुर, शिब्बू सक्सेना, विमल भारती, मंगली प्रसाद गंग्वार, पूरन मेहरा, महेंद्र कुमार, विनोद मौर्य, सन्नी अग्रवाल, बॉबी मल्होत्रा, मनीष सिड़ाना, सुमित तनेजा, लवी तनेजा, दीप हँसपाल,मनेन्द्र सिंह, सुखराज सिड़ाना, रितेश चावला, विशाल छाबड़ा, पंकज मिग्लानी, कैलाश जोशी,नन्दलाल गंगवार, अमरीक सिंह, प्रवेश गंगवार, भूपेंद्र नेगी,करण दुआ, लवी तनेजा, जितेश आदि लोग उपस्थित रहे।



# पुलिस ने नष्ट किया हजारों रूपये का नकली रंग स्प्रे

बागेश्वर। बाजार में मिलावट का दौर थम नहीं रहा है। बाहरी क्षेत्र के व्यापारी पहाड़ में सस्ते के नाम पर खादय पदार्थों के साथ ही नकली रंग भी बेच रहे थे। सूचना मिलने पर कोतवाल कैलाश नेगी ने दुकान से नकली रंग के कई डिब्बे बरामद करके नष्ट किया साथ ही दुकानदार का चालान किया है। रंग काक्रोच हिट के डिब्बों में बिक रहा था। कोतवाली अंतर्गत कई दुकानदार विभिन्न स्थानों में दुकानें खोले हुए हैं जिनके द्वारा फड़ में मसाले, फल, दाल आदि सामग्री बाजार से सस्ती कीमत में बेची जाती है। होली के चलते इनके द्वारा रंग व अबीर गुलाल की बिक्री की जा रही है। सोमवार को दोपहर कुछ युवक जब वहां पहुंचकर रंग का स्प्रे खरीदने लगे तो उन्होंने देखा कि बाहर स्प्रे पेंट के डिब्बे में दूसरी पेकिंग जबकि अंदर काक्रोच हिट के डिब्बे में रंग बेचा जा रहा था,स्प्रे करने पर उससे रंग निकल रहा है। इसकी सूचना पुलिस को मिली,सूचना मिलते ही कोतवाल तत्काल मौके पर पहुँचे,तभी पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी,भी दलबल के साथ वहां पहुंचे तथा उन्होंने कई स्प्रे नष्ट करे, तथा व्यापारी को हिरासत में ले लिया व उसका चालान भी किया। सूत्रों के अनुसार जनपद



में लंबे समय से बाहर से आने वाले कुछ लोगों द्वारा नकली खादय सामग्री आदि बेचने की शिकायत मिलती रहती है। सूत्र बताते हैं कि जिले में मिलावट खोर अधि क मुनाफे के चक्कर मे नकली पदार्थो को बेचते है,जबकि अधिकतर वस्तुओं में मिलावट होती है, मिलावटी वस्तुओं को बेचने से व्यापारी मालामाल, जबकि आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ होता है, सेम्पलिंग करने वाले अधिकारी समय समय पर दुकानों में जांच करते है पर उचित व्यवस्था नही होने और नकली माल बेचने से रोकने की समुचित व्यवस्था नही होने से मिलावटी सामान बेचकर बड़ा मुनाफा कमाने वालों को किसी का भी भय नही रहता है, ऐसे में आम उभोक्ताओ के साथ खाद्य पदार्थो के साथ अन्य सामग्रियों में स्वास्थ्य के साथ ही रहे खिलवाड़ को लेकर सख्त कार्रवाई नही हो पाने से मिलावटखोरो के हौसले बुलंद है, पुलिस हिरासत में लिए व्यापारी से आवश्यक जानकारी जुटा रही है। इधर पुलिस की इस सफलता पर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार कई लोगों ने इस तरह के रंग खरीदे जिसे बच्चों व युवाओं द्वारा एक दूसरे पर डाला गया। बाहर से लगे रैपर के फटने पर जिसे रंग डाला गया उनके द्वारा इसका विरोध होने से कई स्थानों में विवाद हुए हैं। ग्रामीणों ने नकली माल बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा एसएन त्रिपाठी के अनुसार इस तरह के रंगों से त्वचा के साथ ही आंखों की बीमारियां होती है। काक्रोच हिट में कई केमिकल होते हैं जो कि आदमी को अंधा बना सकते हैं। मुंह में जाने से जान का खतरा हो सकता है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश के निवास पर धूमधाम से मनी होली

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना के निवास स्थान पर होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुलाल की खुशबू और गुजिया की मिठास के साथ-साथ जलपान की उचित व्यवस्था से होली खेलने



पहुंचे लोगों ने जमकर होली खेलते हुए एक दूसरे को गले मिलकर होली की बध ाई दी।उक्त होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्र भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुँचकर अपने मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना को होली की बधाई दी।वही योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने भी जो राम को लाये है, मंदिर अब बनने लगा है,गर्व से कहो हम हिन्दू है आदि भजनों पर जमकर नाचते हुए होली पर्व को मनाया।साथ ही बागेश्वर धाम समर्थन यात्रा में पहुचने का आवाहन किया।मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, रविन्द्र बजाज,योगी सेना,परमजीत सिंह पम्मा ,व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, सुखदेव डिंगड़ा,डॉ सोनू विश्वास ,राजू सिंधी ने रंगोगुलाल से होली को जमकर मनाया। इस मौके पर कपिल गण्डा,विनोद चुघ,शिवम छाबड़ा,हैपी चंद्रा, सुखदेव डिंगड़ा,गौरव मदान,सुरजीत बत्रा, मुकेश पाल,गौरव बत्रा, अशोक छाबड़ा, सुभाष खुराना सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# होली पर चौथी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली के त्यौहार पर मेट्रोपोलिस सिटी में एक महिला की छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से नवाबगंज जिला गोंठा उत्तर प्रदेश निवासी 44 वर्षीय माधुरी सिंह पत्नी शैलेन्द्र सिंह यहां मेट्रोपोलिस सिटी के डीटीपीएल टॉवर के फ्लैट संख्या 411 में पति और एक बच्चे के साथ रह रही थी। बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में माधुरी चौथी मंजिल से नीचे गिर गयी। उसे तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस छत से गिरने के कारणों की जांच कर रही है।

# होली में हुड़दंग करने पर सात गिरफ्तार

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस ने नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए नगर में जगह जगह सीसीटीवी कैमरों की मदद से नगर क्षेत्र की निकेहबानी की जा रही है, वहीं पुलिस द्वारा जगह जगह पर पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है, होली के चलते पूर्व में सभी अराजक तत्वों को कोतवाली पुलिस द्वारा सख्त चेतावनी दी गई थी, वही नगर में होली के दौरान शांति व्यवस्था बाधित करने, हुड़दंगी करने वाले लोगों को पुलिस ने पकड़ा है, कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि होली में हुड़दंग करने पर छ:व्यक्तियों के खिलाफ 81पुलिस एक्ट एवं एक व्यक्ति को 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया। कोतवाल नेगी ने शांति व्यवस्था में बाधा डालने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए लगातार हुड़दंग और गुंडागर्दी में लिप्त पाए जाने वालों पर गुंडा एक्ट सहित अन्य कठोर धाराओं में मुकदमा कायम करने की चेतावनी दी है।

## पेज एक का शेष...

**चचेरे भाई की हत्या...**पास घुमते हुए भौंकने लगा जिसके आधार पर दानिश को मोस्ट सपेकटिट माना गया। जिसके उपरान्त मृतक शाकिब के शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया गया उपरोक्त प्रकरण में वादी अनीश अहमद की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मु0 एफ0आई0 न0-102/2023 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।शाकिब की निर्मम हत्या से क्षेत्र में भय का माहौल था जिसमें सज्ञान लेकर घटना के अनावरण हेतू वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 8 टीमो का गठन किया गया। कोतवाली जसपुर पुलिस, डाग स्काड, फौरंसिक टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्त संसाधनो का प्रयोग करते हए मैनुउल पुलिसिंग कर आस पास के सी०सी०टी०वी० फोटेज का अवलोकन किया गया व आस-पास लोगो से पूछताछ की गयी जिसमें यह तथ्य प्रकाश में आये के आखरी बार मृतक शाकिब को काशिम उर्फ दानिश के साथ में एक साथ नशे में सिगरेट खरीदते व जंगल की तरफ जाते हुए देखा गया। संदिग्ध के आधार पर काशिम उर्फ दानिश पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बडियोवाला कोतवाली जसपुर से पूछताछ की गयी जिसने पूछताछ में बताया कि वो शाकिब के साथ स्मैक व गांजे का नशा करने के लिए खेत मे गया था जहां पर उनका झगडा हुआ और शाकिब परिवार वालो को गाली गलौच करने लगा था शाकिब के नशे में हो जाने के बाद दानिश ने अपनी बेल्ट से गला घोटकर शाकिब की हत्या की व चाकू की नोक से पेट पर जानवर के पंजे के निशान बनाये ताकी देखने में लगे की किसी जानवर ने पंजो से मारा है ओर उसके बाद शाकिब के शव को घसीटकर गेहूं के खेत में अन्दर की तरफ फेंक कर भाग गया। इसके बाद परिजनों के कहने पर शाकिब को ढूढने के लिए जाने वाला व शव के पास सबसे पहले पहुंचने वाला व्यक्ति भी दानिश ही था। जुर्म इकबाल करने के बाद अभियुक्त काशिम उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल से मृतक के जूते, व घटना में प्रयुक्त बेल्ट का बरामद किया गया व मुकदमा उपरोक्त मे धारा 2010द0वि0 की बढ़ोतरी की गयी । अभियुक्त को मा0 न्या) पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। निर्मम हत्या का मात्र 24 घण्टे के अन्दर खुलासा करने के लिए उच्चाधि कारीगण द्वारा कोतवाली जयपुर पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

**डीजे पर खून की होली...**आक्रोशित लोग हंगामा करते रहे। जिस वजह से पुलिस व लोगों के मध्य कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने बमुश्किल आक्रोशित लोगों को शांत कराया। सीओ काशीपुर वंदना वर्मा ने बताया कि इस हत्या के मामले में पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपी युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर लोगों के आक्रोश को देखते हुए खड़कपुर देवीपुरा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**राजभवन में होली..**रंग लेकर आये। उन्होंने कहा की यह त्योहार प्रदेशवासियों के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री ने भी होली के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की कामना की और कहा कि होली हमारी सनातन संस्कृति आपसी में आपसी भाईचारे का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने उमंग और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की सभी से अपील की।

# घरों में होल्यारों का विभिन्न पकवानों के साथ स्वागत

बागेश्वर। जनपद में होली की धूम मची हुई है।महिलाएं, बच्चे व पुरूष देर रात तक होली गायन की मस्ती में हैं। आयोजकों के घरों में होल्यारों का विभिन्न पकवानों के साथ स्वागत किया जा रहा है।सोमवार को होली चतुर्दशी के अवसर पर जनपद के पुरूषों की होली अपने अपने मंदिरों में पहुंची जबकि महिलाओं ने घरों में होली गायन किया। गरुड़ में विभिन्न स्थानों पर होली गायन हुआ,कपिलेश्वर मन्दिर में क्षेत्र के लोगो ने होली गायन किया जिसमें पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण और भाजपा की शान शिव सिंह बिष्ट,भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी सजंय परिहार, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी,हरीश भट्ट बहादुर सिंह और अन्य लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे के साथ समूहिक होली खेली, नगर के विभिन्न स्थानों में महिलाओं ने गांव घरों में खड़ी व बैठक होली का गायन किया। तहसील में ममता कनवाल के घर में आयोजन होली में ममता कनवाल ने होली का शुभारंभ ममता कनवाल ने तुम सिदिध करो महाराज होलिन के दिन में से किया। इसके बाद उन्होंने मेरी चुनरी ऐसी रंगी कि भीग गयो सारी साड़ी व मेरो नानु नानु मदन गोपाल, मथुरा में कसि रैलो, कसि रैलो होली गाई। इस दौरान दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे। उधर नुमाइश मैदान में चंद्रा उपाध्याय के घर में होली गायन आयोजित किया गया उन्होंने होली हरी ध रे, मुकुट खेलें होली गाई। होली गायन के दौरान लोग आने वाले मेहमानों का स्वागत विभिन्न व्यंजनों से करते हैं। परंतु सर्वाधिक लोग होली में आलू के गुटखे, गुजिया खिलाते हैं। माना जाता है कि होली में गायन के दौरान होने वाली थकान के बाद होल्यारों को चटनी के साथ आलू व रायता नई ताजगी पैदा करता है।

# डॉग स्क्वायड टीम ने बाजार और स्टेशनों में की चेकिंग

हल्द्वानी। होली के त्यौहार को देखते हुए नैनीताल पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देश पर सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। इसके अलावा बीडीएस और डॉग स्क्वायड टीम को बाजार और स्टेशनों में चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही होली के दिन यातायात पर खासी नजर रखने को कहा गया है।शराब पीकर या नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को काठगोदाम से ऊपर पहाड़ों की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा, होली के दिन अमृतपुर और काठगोदाम जैसे नदी के बैराज में लोगों के जाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी, इसके अलावा जंगल के अंदर जाने वाले लोगों को भी बॉर्डर से वापस किया जाएगा। एसएसपी पंकज भट्ट ने जिले के लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली के त्यौहार को मनाने की अपील की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मीना शर्मा ने रंग गुलाल लगाकर क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयर पर्सन श्रीमती मीना शर्मा ने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों को रंगो के त्योहार होली की



शुभकामनाएं दी हैं । इधर श्रीमती शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर उपस्थित जनसमुदाय को होली की शुभकामनाएं दी हैं । इधर श्रीमती शर्मा सोमवार को आदर्श कॉलोनी में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंची जहां उन्होंने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। बाद में श्रीमती शर्मा गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव भी पहुंची जहां कौशल्या एंक्लेव हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के संयोजकत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लिया और दर्जनों महिलाओं के साथ होली खेली स इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली निगम पार्षद प्रीति साना पूनम गुप्ता मंजू जैन सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में सोसाइटी के लोग विशेषकर महिलाएं उपस्थिति थी। श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर शहर के विभिन्न बस्तियों से हर वर्ग के लोगों ने पहुंचकर होली महोत्सव में प्रतिभाग किया और जमकर एक दूसरे को जहां गुलाल लगाया वही होली गीतों पर जमकर ठुमका लगाया। इससे पूर्व रंगो के पर्व होली पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष पर भी होली महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें सुबह से ही विभिन्न बस्तियों से सैकड़ों लोगों का आना शुरू हो गया था। वही श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने भी अपने आवास पर आने वाले सभी लोगों का दिल खोलकर स्वागत किया और सभी को गुलाल लगाया और गुजिया खिलाई। इधर शाम को मुस्लिम समाज के भी दर्जनों लोगों ने श्रीमती शर्मा के आवास पर पहुंचकर उन्हें रंगो के त्यौहार होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।





# भाजपा नेता चुघ ने अबीर गुलाल लगाकर दी होली पर्व की शुभकामनायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने रंगों के त्यौहार होली पर अनेक आवासीय कालोनियों में जाकर लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली





पर्व की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व श्री चुघ के भूरारानी स्थित आवास में प्रात: से ही होली पर्व मनाने स्थानीय लोगों के साथ ही विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों का आना शुरू हो गया था। श्री चुघ ने सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी और मिष्ठान खिलाया। इसके पश्चात श्री चुघ सर्वप्रथम श्री बालाजी धाम, भगवानपुर पहुंचे जहां उन्होंने शीश नवाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही वहां मौजूद बालाजी भक्तों के साथ होली पर्व मनाया। श्री चुघ ने जनता इंटर कालेज में आर एस एस द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त ओमेक्स सोसायटी, अंबिका विहार तथा हंस विहार सहित अनेक आवासीय कालोनियों में भी गए जहां उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ होली पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने ढोल की थाप पर लोगों के साथ खूब नृत्य भी किया। श्री चुघ का सभी स्थानों पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत भी किया गया। श्री चुघ ने कहा कि होली पर्व ही एक ऐसा पावन पर्व ही जिसमें सभी लोग आपस के भेदभाव छोड़ एक दूसरे के गले मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस पर्व को आपसी सौहार्द बढाने वाला त्यौहार भी कहा जाता है। श्री चुघ ने सभी से मिलजुलकर इस पर्व की मानने का आग्रह भी किया। इस दौरान उनके साथ चंद्र प्रकाश चुघ, देवेंद्र प्रजापति, राजा साहनी, सुरेश कुमार, प्रमोद साहनी, सूरज आर्य, ललित गोयल, रमेश शर्मा, देवेंद्र नेगी, राजाराम यादव, कुंदन नेगी, हरीश जोशी, अजय साहनी, जोगिंदर सिंह, गुरबचन सिंह, प्रमोद कुमार, कुंदन सिंह रावत, गौरव आहूजा, सुनील झाम, गोविंद ग्रोवर, रविन्द्र शर्मा, संजीव शर्मा आदि मौजूद थे।

# फूलों की होली बनी आकर्षण का केन्द्र

किच्छा (उद संवाददाता)।होली की पूर्व संध्या पर समाज सेवी धर्मराज जायसवाल की अगुवाई में राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली का आयोजन कर नगर भर मे शोभा यात्रा निकाली गई तथा जमकर फूलों की वर्षा के साथ रंगों के गुबार भी उड़ाए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सैना, महेंद्र,राकेश गुप्ता, हरीश चन्द्र पंत, आदि लोग मौजूद थे।





# भाई चारे का संदेश देता है होली पर्व: उमा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर के बेरहेनी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम



संयोजक उमा जोशी ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ आपस में मिलकर मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश कुमार ने होली को खुशियों का त्योहार बताया। इस मोके पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता खेम सिंह दानू, एनडी जोशी, ललित गर्ग, नरेश सिंह, अमित चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, सीमा देवी, राहुल, परवीन देयापा, बीडी कांडपाल, संदीप कौर, बबली, उर्मिला पाठक, केलाशा देवी, प्रेमा, सरोज संतोष कुमारी, काला, सुखविंदर, नीमा, सुमित्रा, माया आदि थे।

# महिला दिवस पर आयोजित किया सम्मान समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा नगर निगम सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेयर रामपाल, आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ आशा नेगी, सुपरवाइजर्स, जिला चिकित्सालय से डाइटिशियन अंशुल टंडन तथा जीजीआईसी फाजलपुर मैहरोला की प्रधानाचार्य पार्वती रौतेला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिकाएं एवं ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की सुपोषण सखियों को महिला दिवस के उपलक्ष में उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी सुपोषण सखियों को उनके सहभागिता के प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मेयर रामपाल ने महिला दिवस की बधाई देते हुए बताया कि महिलाओं को हमें कभी कम नहीं आंकना चाहिए। बीएम महिलायें ममता और करुणा का भाव लिए बड़ी ही खूबसूरती के साथ अपनी सभी जिम्मेदारियां निभाती हैं। वहीं दूसरी तरफ ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन का ध



न्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीएनएफ की टीम समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम कराती रहती है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम भी काफी सराहनीय रहा। जीजीआईसी फाजलपुर महरोला की प्रधानाचार्य ने बताया कि बीएएफ उनके विद्यालय में भी काफी सराहनीय कार्य कर रहा है तथा विद्यालय में पोषण वाटिका भी बनाई गई हैं। जिसमें हरी सब्जियां लगाई गई हैं। जिसका लाभ मिड डे मील द्वारा विद्यालय की बच्चियों तक पहुंचाया जा रहा है। बच्चों को आयरन के बिस्किट भी वितरित किए जा रहे हैं। समय-समय पर कार्यक्रम किए जाते हैं। प्रतियोगिताएं की जाती हैं, जिससे बालिकाओं का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना व उनकी टीम मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com